# मूक-बधिर बच्चों ने लगाये 2511 पौधे, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**बीकानेर,** (कासं)। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को कोलासर-मेघासर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन (मीसो) द्वारा मूक-बधिर बच्चों तथा ग्रामवासियों के सहयोग से 2511 पौधारोपण के लिए आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। ग्यारह सौ से मूक-बधिर बच्चों द्वारा किए गए इस विशेष कार्य को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया।


वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की मौजूदगी में मूक-बधिर बच्चों ने कोलासर मेघासर में 2511 पौधे लगाये।

इस अवसर पर वन मंत्री ने कहा कि मूक बधिर बच्चों द्वारा एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पौधे लगाकर अनूठा उदाहरण पेश किया गया है। इन बच्चों ने समूचे देश को एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आमजन से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाने का आव्हान किया। इसके तहत किया गया यह पौधारोपण, क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पौधे को बूंद-बूंद सिंचाई पद्धति से जोड़ा गया है तथा इसकी देखभाल की व्यवस्था की गई है। इससे सभी पौधे सुरक्षित रहेंगे। मीसो के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद पुष्प जैन ने कहा कि मूक बधिर बच्चों द्वारा किया गया यह कार्य शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम लोगों के लिए एक संदेश है। ऐसे लोगों को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को आपसी समवन्य से रहने तथा गांव के विकास में भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि लगाये गए सभी पौधे बड़े होने के बाद यह क्षेत्र पर्यावरण तीर्थ के रूप विकसित होगा। समाजसेवी विजय सिंह डागा ने कहा कि यहां लगाये गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा की जायेगी, जिसमें स्थानीय लोगों का सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा।

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड के एशिया हैड मनीष बिश्नोई ने मूक बधिर बच्चों द्वारा लगाये गए सर्वाधिक पौधों के रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र वन मंत्री तथा मीसो के अध्यक्ष को सौंपा। उन्होंने कहा कि इस रिकॉर्ड से कोलासर-मेघासर का नाम पूरे विश्व तक पहुंचेगा। इससे पहले मेघासर सरपंच आसकरण उपाध्याय ने स्वागत उद्‌बोधन दिया। मीसो के महासचिव लोकेश कावडिया ने आभार जताया। कार्यक्रम में विजय आचार्य, मोहन सुराणा, सुमन छाजेड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूदा रहे। इस अवसर पर वन मंत्री संजय शर्मा ने मूक बधिर बच्चों के साथ

■ **मूक बधिर बच्चों द्वारा लगाये गए सर्वाधिक पौधों के रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र वन मंत्री तथा मीसो के अध्यक्ष को सौंपा**

पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि 'एक पौधा प्रतिदिन' अभियान के तहत उनके द्वारा हमेशा एक पौधा लगाया जा रहा हैं। उन्होंने आमजन से भी अधिक से अधिक पौधारोपण एवं संरक्षण का आव्हान किया।

**गोदारा ने की सुनवाई :** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को अपने सादुलगंज स्थित आवास पर जनसुनवाई की। गोदारा ने आसपास के क्षेत्र से आए ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुने और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमसम्मत होने वाले कार्यों में अधिकारी लापरवाही ना बरते। संवेदनशीलता के साथ आमजन की बात को सुनें और होने लायक कार्यों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। जनसुनवाई में सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न प्रकरण आए।

## गांधी जयंती पर भाषण प्रतियोगिता

**बीकानेर,** (कासं)। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर, बीकानेर के इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र गतिविधि केंद्र के अंतर्गत पुस्तक पीपल क्लब ने 'महात्मा गांधी एक प्रभावी संचारक के रूप में' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर को गांधी जयंती से एक दिन पहले आयोजित किया गया था।

दस छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, महात्मा गांधी के जीवन और शिक्षाओं के बारे में अपने वाकपटुता और समझ का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अतुल गोस्वामी ने किया था और जजों के सम्मानित पैनल में डॉ. चक्रवर्ती नारायण श्रीमाली और डॉ. निशा श्रीवास्तव शामिल थे। बी.टेक की छात्रा लक्षिता पुरोहित ने प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता, महात्मा गांधी की संचार रणनीतियों पर अपने प्रभावशाली भाषण से जजों को प्रभावित किया।

बीकानेर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश जाखड़ ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित किया और महात्मा गांधी की विरासत पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को गांधी के जीवन से सीखने और स्वयं प्रभावी संचारक बनने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. चक्रवर्ती श्रीमाली ने महात्मा गांधी की संचार शैली की प्रमुख विशेषताएं बताई।

## सार-समाचार

### स्वच्छता का संकल्प दिलाया



महात्मा गांधी विद्यालय नम्बर 5 श्रीगंगानगर में लघु नाटिका 'रेड आर्ट थियेटर' से स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर परिषद श्रीगंगानगर द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न कार्यक्रम/गतिविधियों का आयोजन किया रहा है। नगर परिषद सभापति श्रीमती गगनदीप कौर व आयुक्त राकेश कुमार अरोड़ा ने बताया कि इसी क्रम में मंगलवार को महात्मा गांधी विद्यालय नम्बर 5 श्रीगंगानगर में स्वच्छता, नशामुक्त गंगानगर, स्वच्छ जल, पर्यावरण पर लघु नाटिका 'रेड आर्ट थियेटर' प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर माता-पिता, वृद्धजन की सेवा का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम' की मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या रिम्पा तलवार ने कहा कि स्वस्थ एवं स्वच्छ शरीर से मन अति प्रसन्न रहता है और मन प्रसन्न होने से व्यक्ति अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने नशे की बुराईयों से अवगत करवाते हुए कहा कि नशे की आदत से न केवल परिवार बल्कि समाज को भी अत्याधिक नुकसान पंहुचता है। नशा करने वाला व्यक्ति समाज के लिए अभिशाप साबित होता है। युवा अपने आपको तनाव से दूर रखें और शरीर की ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएं। इस अवसर पर एसबीएम प्रभारी अमनदीप कौर ने प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के बारे में अवगत करवाया। पैरोकार प्रेम चुघ ने कचरे को कचरा पात्र में डालने, अपने घरों का कचरा प्रतिदिन कचरा संग्रहण वाहन ट्रालियों व ऑटो टिपर में डालने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसबीएम टीम बाबूलाल मीणा, मनोज मनचंदा, सुरेन्द्र कुमार एमआईएस मैनेजर नगर परिषद, विक्रम ज्याणी, लक्ष्य ज्याणी, अनिल कुमार, रामदास बंसल, इन्दुभूषण चावला, ओमप्रकाश मीणा, राजेन्द्र आर्य व महावीर प्रसाद उपस्थित थे।

### कुंभ मेले के पोस्टर का विमोचन


कुंभ मेले पर विचार मंथन के पोस्टर का विमोचन कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। नवरात्रि स्थापना के दिन वेटरनरी यूनिवर्सिटी में अगले वर्ष प्रयागराज में होने वाले कुंभ मेले पर विचार मंथन कार्यक्रम कुंभ कॉन्क्लेव 2025 के पोस्टर का विमोचन आज तड़के एमजीएसयू के कुलपति सचिवालय में हुआ। पोस्टर कुंभ की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित करता है जिसका विमोचन दोनों विश्वविद्यालयों के कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित, वेटरनरी यूनिवर्सिटी के प्रो. आर. के. धूडिया, एमजीएसयू की डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. मेघना शर्मा, कुलसचिव हरि सिंह मीना व वित्त नियंत्रक अरविंद बिश्नोई द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन इंडिया थिंक काउंसिल द्वारा एक गोलमेज सम्मेलन के रूप में होगा जिसमें देश राज्य के विद्वान अपनी बात मंच से रखेंगे। इस अवसर पर डॉ. मीनू पूनिया और डॉ. कविता चौधरी उपस्थित रहीं।

### सदस्यता अभियान की जानकारी ली

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में रखी गई ! बैठक में बीकानेर संभाग प्रभारी डॉ. दशरथ सिंह शेखावत ने बीकानेर शहर सदस्यता अभियान की समीक्षा कर अभियान की जानकारी ली और आगामी दिनों में किस तरह से अभियान चलेगा उसकी जानकारी दी। शेखावत ने कहा सदस्यता अभियान अपनी गति से चल रहा है अब हमें गति और तेज करनी है जिसमें 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर बूथ स्तर पर सफाई अभियान चलाया जायेगा। उसके बाद बूथ पर ही महा अभियान चलाकर सदस्य बनाने का लक्ष्य रहेगा और आगामी दिनों में महा अभियान जारी रहेगा जो 14 अक्टूबर तक चलेगा। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा हमारे मोर्चे और मंडल लगातार जिले, मंडल, बूथ स्तर तक सक्रिय है और लक्ष्य को हम पूरा करेंगे। बैठक में अभियान के संयोजक श्याम सुंदर चौधरी, महामंत्री मोहन सुराणा, नरेश नायक, उप महापौर राजेंद्र पंवार, पूर्व विधानसभा प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य मौजूद थे।

# बिजली, पानी, सड़क और कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर बीकानेर शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी ने सड़क, बिजली, पानी और कानून व्यवस्था को लेकर संयुक्त रूप से अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा।


बीकानेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार के 10 माह के कार्यकाल में ही कानून व्यवस्था, सफाई व्यवस्था और सड़के बदहाल हो गई है उसके साथ निरंकुश प्रशासन के कारण आम जनता के कार्य नहीं हो रहे हैं। इसको लेकर आज पैदल मार्च और ज्ञापन कार्यक्रम रखा गया। इससे पहले तुलसी कुटीर के पास कांग्रेसजनों ने जिला अध्यक्ष की अगुवाई में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के जन्मदिवस के अवसर पर गायों को गुड और हरा चारा खिलाकर डोटासरा के उज्ज्वल और सुखद भविष्य की मंगलकामना की।

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार के 10 महीने के कार्यकाल में ही जनता परेशान होकर अपने हक के लिए सड़कों पर उतर आई है। सड़क, बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी राज्य सरकार सुचारू नहीं रख पाई। निरंकुश प्रशासन के चलते अपने रोजमर्रा के कामों के लिए भी जनता को भटकना पड़ रहा है। इससे ज्यादा शर्मनाक स्थति क्या होगी

यशपाल गहलोत ने भाजपा के मंत्रियों पर तंज कसते हुए कहा कि 10 महीनों में ही मंत्रियों के नोनिहालों की चांदी हो गई है। करोड़ों की गाड़ियां पुलिस सुरक्षा और लाखों का बैंक बैलेंस ये जरूर भाजपा की उपलब्धि इन 10 महीनों में रही है। जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा की किसानों का हाल सबसे बुरा है। अतिवृष्टि के कारण उनकी फसलें खराब हो गई।

## आशापुरा मंदिर में का नवरात्र उत्सव

**बीकानेर,** (कासं)। उदासर के जिनालय में स्थित जैन समाज के बोथरा सहित अनेक गोत्रों के साथ पुष्करणा, स्वर्णकार, राजपूत समाज सहित अनेक जाति बिरादरी की कुलदेवी आशापुरा के मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव 3 से 11 अक्टूबर महाष्टमी तक आयोजित किया जायेगा।

उत्सव की तैयारियां जैन समाज के बोथरा परिवार, मंदिर ट्रस्ट के साथ ग्रामीणों ने शुरू कर दी है। मंदिर में रंग रोगन कर देवी आशापुरा की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा। आयोजन से जुड़े सुरेश भंडारी ने बताया कि पंडित 3 अक्टूबर को वेदपाठी पंडित सुशील चूरा अभिजीत मुहूर्त में सवा बारह बजे से करीब एक बजे तक घट स्थापना, पूजन करवायेंगे।

नवरात्रा के दौरान देवी कवच, स्तुति, वंदना तथा भजनों के साथ नियमित पूजन व विशेष भोग के आयोजन होंगे। नवरात्रा उत्सव में गांव के बोथरा जैन परिवार के साथ विभिन्न जाति, समाज के आस पास के गांवों व बीकानेर शहर के श्रद्धालु शामिल होंगे।

# 'मां बच्चे की प्रथम गुरू और परिवार पाठशाला'

**नोखा,** (कासं)। मां बालक की प्रथम गुरु और परिवार प्रथम पाठशाला होती है। ये बात विद्या भारती विद्यालय जोरा देवी गट्टाणी आदर्श विद्या मन्दिर नागौर रोड़ नोखा में भैया बहिनों के सर्वांगीण विकास में मां का योगदान विषय पर परिचर्चा में कही।

मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में मां सरस्वती, भारत माता व ॐ की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम की अध्यक्षा ज्याना देवी सुथा, मुख्य अतिथि सीमा पालीवाल, विशिष्ठ अतिथि गुड्डी देवी सोनी मुख्या वक्ता मधुबाला शर्मा ने किया।

विशिष्ठ अतिथि अतिथि श्रीमती गुड्डी देवी ने कहा कि मुख्य रूप से श्रेष्ठतम बालक बनने के लिए उसे मोबाइल से दूर रखें और मैदानी खेल हेतु प्रोत्साहित करें तथा बालक से झूठा वादा नहीं करना चाहिए।

मुख्य वक्ता मधुबाला शर्मा ने लव-कुश, ध्रुव, प्रहलाद, शिवाजी आदि का उदाहरण देते हुए मां अर्थात बालक की प्रथम गुरू, ममता, वात्सल्य क्षमा और स्नेह का अथाह भंडार व मातृत्व की साक्षात प्रति मूर्ति। परिवार ही बालक की प्रथम पाठशाला है और परिवार की धूरी

■ **भैया बहिनों के सर्वांगीण विकास में मां का योगदान विषय पर परिचर्चा**

होती है मां। मां ही भगवान, भक्त और महापुरूषों को गढ़ती है। बालक पारिवारिक भविष्य के आधार स्तंभ होने के साथ-साथ राष्ट्रीय उन्नति के भी द्योतक हैं। राष्ट्र की इस भावी पीढ़ी को संवारने एवं बालक के सर्वांगीण विकास के लिए परिवार की माता-बहिनें अनादि काल से प्रयासरत है।

सोशल मीडिया से हमें अपने बच्चों को बचाना चाहिए यह समय के साथ हमारे बच्चों के गुणों को भी लोप कर देता है। मोबाइल के कारण संयुक्त परिवार की जगह एकल परिवारों ने ले लिया है। इसके चलते बालकों में संस्कार का बीजारोपण नहीं हो पाता है। ओमप्रकाश गट्टानी ने बताया कि मां अनपढ़ होते हुए भी अपने बालक को आदर्श नागरिक बना सकती है जो समाज की उन्नति सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहता हैं।

# अपना परिवार सेवा सदन में वृद्धजन दिवस मनाया

**बीकानेर,**(कासं)। वृद्धजन देवतुल्य होते हैं, जिनका हमें सम्मान करना चाहिए। वृद्धजन कौन, जो गहन अनुभव की खान होते हैं। एक व्यक्ति जो अपना संपूर्ण जीवन परिवार, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित कर देता है, अपने अनुभव के आधार पर एक पौधे को वटवृक्ष में तब्दील कर देता है और फिर जब उस वृक्ष की छाया और फल के लाभ लेने का अवसर आता है तो उसे तिरस्कृत कर दिया जाता है।

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती। लेकिन यह सच भी है और हैरान करने वाली बात भी है। आज बहुत से घर विभिन्न नस्लों के श्वानों से भरे जा रहे हैं और वृद्धाश्रम वृद्धजनों से भर रहे हैं। यह चिंतनीय विषय है और हमें इस पर मंथन करने की आवश्यकता है। यह विचार बाल कल्याण विभाग बीकानेर के सहायक निदेशक अरुण सिंह शेखावत ने व्यक्त किए। अवसर था सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं जिला प्रशासन बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान एवं निर्देशन में मुक्ताप्रसाद नगर में समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीण उत्थान मानव संस्थान द्वारा संचालित अपना परिवार सेवा सदन, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह महादेव नगर में 1 अक्टूबर को वृद्धजन दिवस पर संगोष्ठी हुई।

## दिनदहाड़े दुकान से नगदी चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। सदर थाना क्षेत्र में पुरानी गिन्नाणी स्थित एक दुकान के गुल्लक से दिनदहाड़े चोरी करने का मामला सामने आया है।

गत हुई इस वारदात की एफआईआर चार दिन बाद दर्ज हुई है। बहरहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार परिवादी पुरानी गिन्नाणी गायत्री मंदिर के पास के निवासी अविनाश चंद्र पुरोहित पुत्र बद्रीप्रसाद पुरोहित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 सितम्बर को 4.30 पीएम से 4.50 पीएम के मध्य अज्ञात व्यक्ति दुकान के गुल्लक से 40000 से 45000 रूपए चोरी कर ले गया। मामले की जांच हैड कांस्टेबल रामस्वरूप कर रहे हैं।

# आवक सुधरी तो सिंचाई पानी की पांच बारी नहीं तो चार

**खाजूवाला,** (कासं)। इन्दिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण का रेग्यूलेशन निर्धारण करने के लिए जल परामर्शदात्री समिति की बैठक जंक्शन स्थित जल संसाधन विभाग (उत्तर) के मुख्य अभियंता कार्यालय में हुई।

मुख्य अभियंता प्रदीप रूस्तगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में करीब तीन घंटे तक रेग्यूलेशन पर मंथन किया गया। जल संसाधन विभाग के प्रस्ताव को समिति सदस्यों तथा किसान प्रतिनिधियों ने यह कहकर नकार दिया कि इससे तो काश्तकार ढंग से फसलों की बुवाई भी नहीं कर पायेंगे। विभाग पर्याप्त पानी देकर फसलों की बुवाई करवा दें, बाद की बाद में देखी जायेगी। कांग्रेस सांसदों और विधायकों ने कहा कि किसानों की पानी संबंधी डिमांड सरकार के संज्ञान में भी लाई जाए ताकि पंजाब सरकार से बात कर किसानों को राहत दिलाई जा सके।

आखिरकार दोनों पक्षों की लम्बी बहस, तथ्यों की पड़ताल व पुराना रिकॉर्ड खंगालने आदि के बाद जल संसाधन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार ही रेग्यूलेशन निर्धारित किया गया। बीच में दो बार समीक्षा बैठक कर पानी की उपलब्धता के आधार पर निर्णय करने पर सहमति जताई गई। बैठक में सांसद कुलदीप इंदौरा, बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम, हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, रायसिंहनगर विधायक सोहनलाल नायक, अनूपगढ़ विधायक शिमला नायक, सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर, खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ, भारतीय किसान संघ रावला के प्रेम देहडू आदि ने रेग्यूलेशन पर चर्चा कर सुझाव दिए। मुख्य अभियंता प्रदीप रूस्तगी ने बैठक में विभाग ने रबी सीजन में 4 बारी सिंचाई पानी देने का प्रस्ताव रखा।

# किसानों को सरसों का उन्नत बीज आर.एच. 725 का वितरण

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि किसान कृषि योग्य भूमि किसी भी स्थिति में नहीं बेचकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कई बार किसान लोभ में आकर कृषि योग्य भूमि को बेच देता है। इससे वह भावी पीढ़ी के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का कार्य करते हैं।

विधायक व्यास स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पेमासर गांव में अखिल भारतीय समन्वित खरीफ दलहन परियोजना के अंतर्गत मोठ की उन्नत किस्म आरएमओ 2251 को लेकर आयोजित प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसानों को संबोधित कर रहे थे।


राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पेमासर गांव में विधायक जेठानंद व्यास ने किसानों को सरसों का उन्नत बीज आर. एच. 725 का वितरण किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीईओ जिला परिषद सोहन लाल और पेमासर सरपंच व सरपंच एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष तोलाराम कूंकणा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरूण कुमार ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने पेमासर गांव के किसानों को सरसों के उन्नत बीज आरएच 725 का भी वितरण किया।

विधायक व्यास ने कहा कि एसकेआरएयू के कुलपति डॉ अरूण कुमार सकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं और किसानों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि फसलों की उन्नत किस्मों का अधिकतम उपयोग कर लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि अब तो राजस्थान में खजूर, अनार समेत विभिन्न

■ **अब तो राजस्थान में खजूर, अनार समेत विभिन्न किस्म के फल, सब्जियों की खेती हो रही है**

किस्म के फल, सब्जियों की खेती हो रही है। अब वो दिन दूर नहीं जब सेव, बादाम, पिस्ता की भी यहां खेती होने लगेगी। विशिष्ट अतिथि सीईओ जिला परिषद सोहन लाल ने कहा कि एसकेआरएयू कुलपति डॉ अरूण कुमार कोई भी कार्यक्रम हो, हमेशा अपना बेस्ट देने की कोशिश करते हैं। लिहाजा जिला परिषद भी गांव के विकास में सरपंच के साथ मिलकर गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। विशिष्ट अतिथि पेमासर सरपंच तोलाराम कूकणा ने कहा कि प्राइवेट कंपनियों के बीज बाजार में महंगे मिलते हैं।

# पैनोरमा निर्माण के संबंध में जनप्रतिनिधियों व लोगों से की चर्चा

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने मंगलवार को कोलायत में कपिल मुनि मंदिर के सौन्दर्यकरण कार्य एवं पैनोरमा निर्माण के संबंध में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ चर्चा की।

इस दौरान कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी, राजस्थान राज्य अभिलेखागार निदेशक डॉ. नितिन गोयल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे। लखावत ने कपिल मुनि मंदिर परिसर के संबंध में दस्तावेज सहित पूर्ण विवरण प्राधिकरण को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैनोरमा निर्माण के संबंध में स्थान निर्धारण करने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के साथ ही इनकी क्रियान्विति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। पैनोरमा की कार्य की योजना तैयार करने की जा रही है। इससे आमजन को कोलायत के महत्व की जानकारी हो


धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कपिल मुनि मंदिर के सौन्दर्यकरण कार्य का जायजा लिया।

सकेगी। अभिलेखागार निदेशक डॉ. नितिन गोयल ने इस स्थल के विषय में राजकीय तथ्यों के बारे में बताया। कोलायत निवासी नेमीचंद पंचारिया ने पदम पुराण और गीता से मंदिर से संबंधों के बारे में बताया। वहीं अन्य पौराणिक पुस्तकों के संदर्भ में तीर्थ स्थान कपिल मुनि मंदिर और सरोवर के पौराणिक महत्व के बारे में बताया। प्राधिकरण अध्यक्ष श्री लखावत तथा कोलायत विधायक श्री भाटी ने चानी स्थित नामदेव महाराज की बावड़ी का भी अवलोकन किया तथा कहा कि यहां पर जल्द ही नामदेव महाराज का स्मारक बनाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में कोलायत पूर्व प्रधान जयवीर सिंह भाटी, पूर्व सरपंच रामकिशन आचार्य, मगेज सिंह आदि मौजूद रहे।